संख्या- 78 /2022/ 433 /चार-2022

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 25 मार्च, 2022**

विषय:-ताज महोत्सव-2022 के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या- 5250 /सं0नि0-15(94)/2021-22 दिनांक 23 मार्च, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के प्रस्तावानुसार आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अन्तर्गत जनपद आगरा में दिनांक 20 मार्च, 2022 से 29 मार्च, 2022 तक 'आजादी का अमृत महोत्सव के संग, ताज महोत्सव के रंग' थीम पर आधारित ताज महोत्सव के आयोजन हेतु नाट्योत्सव, थियेटर, क्लासिकल, लोकनृत्य तथा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागी कलाकारों के मानदेय मद में रू0 10.00 लाख (रूपये दस लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है:-

(1) समस्त कार्यों का सत्यापन कराकर भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।
(3) समस्त कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण की जायेगी।

3- उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-19-चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव-42-अन्य व्यय मद से किया जायेगा।

भवदीय,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या 78 /2022/ 433 (1) /चार-2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी, आगरा।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ/कोषाधिकारी, आगरा।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in